Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Ansari Shri Furkan

an>

Title : Need to take rehabilitation measures in hailstorm affected areas in Godda Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री फ़ुरकान अंसारी (गोड्डा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोड्डा, झारखण्ड के लगभग 79 गांवों में गत माह हुयी भारी वृटि व आंधी से जानमाल की भारी क्षति हुयी है। अचानक आये आंधी व पानी से जिले में जानमाल व फसल की भयंकर तबाही हुयी है। यह एक अत्यंत आदिवासी एवं हरिजन बहुल क्षेत्र है। यहां के लोगों की आजीविका का मुख्य साधन खेती है। इस प्राकृतिक आपदा में जहां 4 लोगों की मौत हुयी है, वहीं लगभग 5 हजार परिवारों का मकान पूर्णतः ध्वस्त हो गया है तथा लगभग 13 हजार परिवारों का मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। हजारों पालतू जानवर बाढ़ की चपेट में बह/मर गये हैं। सभी प्रकार की फसलें बरबाद हो गयीं। त्रिवेणी डेम का बांध एवं तटबंध टूट जाने से आसपास के गांवों में भारी तबाही हुयी है। कई पुल ध्वस्त हो गये जिससे प्रभावित ग्रामों का जिला मुख्यालय से सीधा सम्पर्क खत्म हो गया है। स्थिति को सामान्य करने में आज तक राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान इस ओर आकर्िात करता हूं कि अविलम्ब प्रभावित ग्रामों में पुनर्वास एवं जनजीवन सामान्य करने के लिए तत्काल कदम उठाये जायें एवं प्रभावित किसानों एवं गरीब लोगों को अवलिम्ब आर्थिक सहायता प्रदान की जाये।